**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1630**
**(10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**नमो ड्रोन दीदी योजना**

**1630. श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**
**श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:**
**श्री जगदम्बिका पाल:**
**श्री दुलू महतो:**
**श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:**
**डॉ. निशिकान्त दुबे:**
**श्री अनूप संजय धोत्रे:**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:**
**श्री चन्द्र प्रकाश जोशी:**
**डॉ. राजेश मिश्रा:**
**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:**
**श्री मुकेश राजपूत:**
**श्रीमती संजना जाटव:**
**श्री काली चरण सिंह:**
**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:**
**डॉ. विनोद कुमार बिंद:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनवरी, 2026 तक देश में नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को वितरित किए गए कृषि ड्रोन की कुल संख्या कितनी है और महाराष्ट्र , उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश विशेष रूप से दाहोद और कोनासीमा जिलों सहित जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2024-25 के दौरान जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित ड्रोन किराए पर लेने और छिड़काव सेवाओं से होने वाली आय के माध्यम से आधिकारिक रूप से कितनी महिला लाभार्थियों को लखपति दीदी श्रेणी में परिवर्तित किया गया है , जिसमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश विशेष रूप से दाहोद और कोनासीमा जिले शामिल हैं;

(ग) महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश विशेषकर दाहोद और कोनासीमा जिलों सहित राज्य और जिला-वार कितनी महिलाओं ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान पन्द्रह दिनों का अनिवार्य ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और पांच दिवसीय ड्रोन सहायक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है;

(घ) भरतपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य-वार कितनी महिलाओं को उक्त प्रशिक्षण दिया गया है और कितनी महिलाओं ने प्राधिकृत लाइसेंस प्राप्त किया है;

(ङ) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा प्राधिकृत ड्रोन पायलट लाइसेंस प्राप्त करने में प्रशिक्षित महिलाओं की सफलता दर क्या है और महाराष्ट्र , उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश विशेषकर दाहोद और कोनासीमा जिलों सहित राज्य-वार किसी कमी के क्या कारण हैं ; और

(च) सतत आजीविका, अनुरक्षण सहायता और सुनिश्चित मांग सुनिश्चित करने के लिए क्या सहायता तंत्र मौजूद हैं?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)**

(क): सरकार ने, वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में 'नमो ड्रोन दीदी' को अनुमोदन प्रदान किया है।

प्रमुख उर्वरक कंपनियों (एलएफसी) ने वर्ष 2023-24 में एसएचजी की ड्रोन दीदियों को 1094 ड्रोन वितरित किए हैं। इन 1094 ड्रोन में से 500 ड्रोन नैनो उर्वरकों के छिड़काव के लिए किसानों को किराये पर देने की सेवाएं प्रदान करने हेतु नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत वितरित किए गए हैं। महाराष्ट्र , उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्य सहित 1094 ड्रोन के राज्यवार वितरण का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों में ड्रोन दीदी की जिलावार जानकारी क्रमशः **अनुबंध-II, III और IV** में दी गई है।

(ख): वर्ष 2024-25 के दौरान नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन किराये पर देकर और छिड़काव सेवाओं से अर्जित आय के माध्यम से आधिकारिक तौर पर "लखपति दीदी" श्रेणी में शामिल होने वाली महिला लाभार्थियों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन या मूल्यांकन नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): ड्रोन प्राप्त करने वाली ड्रोन दीदियों को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा प्राधिकृत विभिन्न रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठनों (आरपीटीओ) में ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इन सभी ड्रोन दीदियों ने ड्रोन पायलट लाइसेंस प्राप्त कर लिए हैं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों में ड्रोन दीदियों का राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध- I , II, III और IV** में दिया गया है।

(ङ): कृषि विकास और ग्रामीण कायाकल्प केंद्र (एडीआरटीसी) , बैंगलोर ने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत एलएफसी द्वारा प्रदान किए गए 500 ड्रोन के संबंध में ड्रोन संचालन की आर्थिक और व्यावसायिक व्यवहार्यता पर एक अध्ययन किया है। इस अध्ययन से पता चलता है कि एसएचजी पहले मुख्य रूप से कृषि और संबद्ध कार्यकलापों में लगे हुए थे और उन्हें प्रदान किए गए ड्रोन ने ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिक कृषि पद्धतियों में उनके कार्यक्षेत्र का विस्तार किया है , जिससे उनकी दक्षता और उत्पादकता में वृद्धि हुई है। समग्र रूप से, ड्रोन को अपनाने से एसएचजी कार्यकलापों में विविधता आई है , कृषि पद्धतियों में सुधार हुआ है और ग्रामीण समुदायों में महिलाओं के लिए आय के अवसर बढ़े हैं।

(च): राज्य स्तर पर समिति जिसमें राज्य के कृषि/कृषि अभियांत्रिकी विभाग , ग्रामीण विकास, डीएवाई-एनआरएलएम के राज्य मिशन निदेशालय , राज्य सहकारी विभाग , प्रमुख बैंक/राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) , राज्य के लिए नामित एलएफसी के प्रतिनिधि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)/राज्य कृषि विश्वविद्यालय (एसएयू)/कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के सदस्य शामिल हैं , जो ड्रोन उपयोग के लिए उपयुक्त समूहों का चयन करने , ड्रोन प्रदान करने के लिए चिह्नित समूहों में राज्य में डीएवाई-एनआरएलएम के तहत प्रगतिशील महिला एसएचजी का चयन करने , ड्रोन पायलट और ड्रोन सहायक प्रशिक्षण के लिए महिला एसएचजी के सदस्यों का चयन करने , जिलावार ड्रोन उपयोग का आकलन , मौजूदा अभाव की पहचान , उपलब्धता और ड्रोन उपयोग की भावी आवश्यकताओं, एलएफसी और कीटनाशक कंपनियों आदि के समन्वय में चयनित महिला एसएचजी को व्यवसाय प्रदान करने/अवसर सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

*****

**"नमो ड्रोन दीदी योजना" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1630 के भाग (क) , (ग) तथा (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध–I**

राज्यवार उन महिला एसएचजी की संख्या जिन्हें प्रमुख उर्वरक कंपनियों द्वारा ड्रोन दिए गए हैं और ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है

| क्र.सं. | राज्य का नाम | एलएफसी द्वारा ड्रोन उपलब्ध कराए गए एसएचजी की संख्या और ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित महिला एसएचजी के सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 108 |
| 2. | असम | 28 |
| 3. | बिहार | 32 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 15 |
| 5. | गोवा | 1 |
| 6. | गुजरात | 58 |
| 7. | हरियाणा | 102 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | 4 |
| 9. | जम्मू एवं कश्मीर | 2 |
| 10. | झारखंड | 15 |
| 11. | कर्नाटक | 145 |
| 12. | केरल | 51 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 89 |
| 14. | महाराष्ट्र | 60 |
| 15. | ओडिशा | 16 |
| 16. | पंजाब | 57 |
| 17. | राजस्थान | 40 |
| 18 | तमिलनाडु | 44 |
| 19. | तेलंगाना | 81 |
| 20. | उत्तर प्रदेश | 128 |
| 21. | उत्तराखंड | 3 |
| 22. | पश्चिम बंगाल | 15 |
| **कुल** | | **1094** |

**"नमो ड्रोन दीदी योजना" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1630 के भाग (क) , (ग) तथा (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध–I।**

महाराष्ट्र में ज़िलेवार महिला एसएचजी की संख्या जिन्हें प्रमुख उर्वरक कंपनियों द्वारा ड्रोन दिए गए हैं और ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है

| क्र.सं. | जिले का नाम | एलएफसी द्वारा ड्रोन उपलब्ध कराए गए एसएचजी की संख्या तथा ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित महिला एसएचजी सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अहमदनगर | 6 |
| 2. | अकोला | 2 |
| 3. | अमरावती | 1 |
| 4. | बीड | 3 |
| 5. | भंडारा | 1 |
| 6. | बुलढाणा | 1 |
| 7. | चंद्रपुर | 1 |
| 8. | छत्रपति संभाजी नगर | 1 |
| 9. | धाराशिव | 1 |
| 10. | धुले | 2 |
| 11. | गढ़चिरौली | 1 |
| 12. | हिंगोली | 1 |
| 13. | जलगांव | 1 |
| 14. | जालना | 2 |
| 15. | कोल्हापुर | 5 |
| 16. | लातूर | 1 |
| 17. | नंदुरबार | 1 |
| 18. | नासिक | 4 |
| 19. | उस्मानाबाद | 2 |
| 20. | पालघर | 1 |
| 21. | परभणी | 2 |
| 22. | पुणे | 5 |
| 23 | रायगढ़ | 1 |
| 24 | सांगली | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | सतारा | | 3 |
| 26. | सिंधुदुर्ग | | 1 |
| 27. | सोलापुर | | 4 |
| 28. | वर्धा | | 1 |
| 29. | वाशिम | | 1 |
| | कुल | | 60 |

**"नमो ड्रोन दीदी योजना" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1630 के भाग (क), (ग) तथा (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध–।।।**

उत्तर प्रदेश में ज़िलेवार महिला एसएचजी की संख्या जिन्हें प्रमुख उर्वरक कंपनियों द्वारा ड्रोन दिए गए हैं और ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित किया गया है

| क्र.सं. | जिले का नाम | एलएफसी द्वारा ड्रोन उपलब्ध कराए गए एसएचजी की संख्या तथा ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित महिला एसएचजी सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आगरा | 4 |
| 2. | अलीगढ़ | 2 |
| 3. | अंबेडकर नगर | 2 |
| 4. | अमेठी | 4 |
| 5. | अयोध्या | 6 |
| 6. | बदायूं | 1 |
| 7. | बलिया | 2 |
| 8. | बाराबंकी | 5 |
| 9. | बरेली | 4 |
| 10. | बस्ती | 1 |
| 11. | बिजनौर | 1 |
| 12. | बुलंदशहर | 2 |
| 13. | चंदौली | 1 |
| 14. | देवरिया | 2 |
| 15. | एटा | 2 |
| 16. | गोंडा | 2 |
| 17. | गोरखपुर | 8 |
| 18. | हरदोई | 3 |
| 19. | हाथरस | 1 |
| 20. | जालौन | 1 |
| 21. | जौनपुर | 5 |
| 22. | झांसी | 3 |
| 23. | कानपुर नगर | 1 |
| 24. | कुशीनगर | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 25. | लखीमपुर खीरी | 3 |
| 26. | महाराजगंज | 2 |
| 27. | महोबा | 1 |
| 28. | मैनपुरी | 4 |
| 29. | मेरठ | 3 |
| 30. | मुरादाबाद | 4 |
| 31. | प्रतापगढ़ | 3 |
| 32. | प्रयागराज | 16 |
| 33. | रायबरेली | 3 |
| 34. | संतकबीर नगर | 2 |
| 35. | शाहजहांपुर | 4 |
| 36. | सीतापुर | 4 |
| 37. | सोनभद्र | 1 |
| 38. | सुल्तानपुर | 2 |
| 39. | उन्नाव | 2 |
| 40. | वाराणसी | 9 |
| | **कुल** | 128 |

**"नमो ड्रोन दीदी योजना" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1630 के भाग (क), (ग) तथा (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध–IV**

आंध्र प्रदेश में प्रमुख उर्वरक कंपनियों द्वारा ड्रोन उपलब्ध कराए गए तथा ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की ज़िला-वार संख्या

| क्र.सं. | जिले का नाम | एलएफसी द्वारा ड्रोन उपलब्ध कराए गए एसएचजी की संख्या तथा ड्रोन पायलट के रूप में प्रशिक्षित महिला एसएचजी सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनकापल्ली | 1 |
| 2 | अल्लूरी सीतारामराजू | 1 |
| 3. | अनंतपुरम | 5 |
| 4. | अन्नामय्या | 5 |
| 5. | बापटला | 6 |
| 6. | चित्तूर | 6 |
| 7. | डॉ. बी. आर. कोनसीमा | 1 |
| 8. | एलुरु | 6 |
| 9. | गुंटूर | 1 |
| 10. | काकीनाडा | 4 |
| 11. | कृष्णा | 7 |
| 12. | कुरनूल | 10 |
| 13. | नंदयाल | 9 |
| 14. | एनटीआर | 3 |
| 15. | पलनाडू | 4 |
| 16. | प्रकाशम | 6 |
| 17. | एसपीएसआर नेल्लोर | 5 |
| 18. | एसआर सत्य साईं | 1 |
| 19. | श्रीकाकुलम | 11 |
| 20. | तिरुपति | 2 |
| 21. | पश्चिम गोदावरी | 6 |
| 22. | वाईएसआर कडप्पा | 8 |
| | कुल | 108 |

****